>

Title: Regarding situation arising out of water logging in underpasses situated on Dudu-Ajmer-Beawar railway line.

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर): माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करता हूं ।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र अजमेर की तरफ आकर्षित करना चाहूंगा । मेरे संसदीय क्षेत्र अजमेर में केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना दिल्ली-मुम्बई मालभाड़ा गलियारा योजना के तहत डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का कार्य गत चार-पाँच वर्षों से प्रगतिरत है । उक्त योजना के तहत मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले गांव एवं शहरी क्षेत्र के रेलवे स्टेशनों के आस-पास में एवं पूर्व स्थापित अण्डरपासों का चौड़ाईकरण, लम्बाईकरण एवं आधुनिकीकरण कर निर्मित किया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों, राहगीरों के साथ-साथ पशुपालकों को भी आवाजाही हेतु सुगम एवं सुलभ आवागमन का मार्ग उपलब्ध हो सके । लेकिन, अभी गत दो-तीन दिन पूर्व वहां मैंने अपने जन-सम्पर्क एवं भ्रमण के दौरान देखा कि बरसात के इन दिनों में वर्षा होने से अधिकांशत: अण्डरपासों की स्थिति अत्यंत विकट-सी हो गई है । अण्डरपासों के अन्दर एवं बाहर के आस-पास के क्षेत्रों में जगह-जगह पानी भर जाने से स्थानीय वाशिन्दों एवं राहगीरों को वहां से आने-जाने में अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है । वहीं दूसरी ओर इन अण्डरपासों में दस-बारह फीट तक की गहराई में पानी भर जाने से चार-पाँच दिनों तक उक्त मार्ग अवरूद्ध-सा हो जाता है, जिसके चलते स्थानीय लोगों का सामान्य जनजीवन रुक-सा जाता है ।

अध्यक्ष महोदय, हालांकि वर्तमान में फ्रेट कॉरिडोर एवं रेल विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा इन अण्डरपासों पर वैकल्पिक व्यवस्था कर मोटर पम्प एवं

टुल्लु पम्प आदि लगाकर अण्डरपासों में जमा पानी को बाहर निकाला जा रहा है। इस कार्य में कहीं-कहीं पर पाँच-छ: दिनों का समय भी लग रहा है।

अत: केन्द्रीय रेल मंत्री महोदय से मेरा निवेदन है कि मेरे संसदीय क्षेत्र अजमेर में एल.सी. नंबर 14-15 से 39-40 तक अजमेर के पहले अर्थात साखुन, साली, गहलोता, तिलोनिया, मण्डावरियां, सांवतसर, कृष्णापुरी, किशनगढ़, परासीया, गेगल, मुहामी, लाडपुरा क्षेत्र तथा अजमेर शहर में एल.सी. नंबर 41 से 48 अर्थात मदारपुरा, किरानीपुरा, सुभाषनगर क्षेत्र तथा अजमेर से ब्यावर खंड के अधीन एल.सी. नंबर 01 से 17 तक यथा सुभाषनगर, दौराई, सराधना, मकरेडा, मांगलियावास, दौलतखेडा, लमाना एवं खरवा क्षेत्र के अण्डरपासों पर वर्षा के पानी एवं अन्य पानी के निकास की स्थाई व्यवस्था एवं अण्डरपासों पर टीन शेड निर्माण हेतु आवश्यक सक्षम विभाग से क्रियान्वित करा कर स्थानीय आम जन एवं राहगीरों को आवाजाही का सुगम मार्ग उपलब्ध कराए।

अध्यक्ष महोदय, अभी जो वर्षा हुई है, उससे ऐसी स्थिति बन गई है कि गांव इधर है और किसानों की खेती दूसरी तरफ है। आवागमन का सारा रास्ता अवरूद्ध हो गया है। हमारे किशनगढ़ और अजमेर में रेलवे स्टेशन से भी इधर से उधर जाने में कठिनाई हो रही है, इसलिए मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि इसका स्थाई समाधान करने का प्रयास करें।

माननीय अध्यक्ष: श्री सुमेधानन्द सरस्वती को श्री भागीरथ चौधरी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

माननीय सदस्यगण, मैं पुन: आग्रह करता हूं, विशेष रूप से नये माननीय सदस्यों से आग्रह करता हूं और कई वरिष्ठ माननीय सदस्यों से भी आग्रह करना चाहता हूं कि शून्य काल में वे अपने विषय को संक्षिप्त में रखें। कई माननीय सदस्य जब अपना विषय लिखकर लाते हैं तो उसे पूरा ही पढ़ते हैं। शून्य काल में अधिकतम सदस्य बोलें और जिस सब्जेक्ट पर लिखकर लाये, उसको संक्षिप्त में सरकार के ध्यान में डाल दें।

पढ़ने के लिए 377 है, जिसकी मैंने पूर्व में व्यवस्था दी थी कि बजट के रिप्लाई के बाद हम प्रयास करेंगे कि सत्र के अधिकतम समय में 377 के तहत माननीय सदस्यों को पढ़ने का मौका दिया जाए ।